BRAMPTON **Service and Information Update**

## कोविड-19 संबंधी अपडेट: ब्रैम्पटन कोर्टहाउस जाने पर आवश्यक स्क्रीनिंग

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (28 नवंबर, 2020) – सोमवार, 23 नवंबर को, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, ओनटैरियो सरकार के *ओनटैरियो को सुरक्षित और खुले रखने संबंधी फ्रेमवर्क (Keeping Ontario Safe and Open Framework)* के ग्रे-लॉकडाउन लेवल (Grey-Lockdown Level) में दाखिल हो गई थी। इसके परिणामस्वरूप, 5 रेअ लाअसन बुलेवार्ड (5 Ray Lawson Boulevard) पर स्थित, ओनटैरियो कोर्ट ऑफ जस्टिस प्रोविंशियल ऑफेंसेज कोर्ट (Ontario Court of Justice Provincial Offences Court), अतिरिक्त सुरक्षा उपाय लागू करेगी।

सोमवार, 30 नवंबर से, प्रोविंशियल ऑफेंसेज कोर्ट (Provincial Offences Court) जाने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए, आवश्यक ऑनलाइन कोविड-19 स्क्रीनिंग (mandatory online COVID-19 screening) पूरी करनी जरूरी है। यह असेस्मेंट निर्धारित करेगा कि आप बिल्डिंग में दाखिल हो सकते हैं या नहीं और आगे क्या करना है।

कोर्टहाउस जाने वाले व्यक्तियों को याद दिलाया जाता है कि वे सारे पोस्ट किए साइन बोर्डों, निर्देशों और कोविड-19 संबंधी सुरक्षा उपायों का पालन करें।

कृपया कोर्टहाउस केवल तभी जाएं, यदि बहुत ज्यादा जरूरी हो। कुछ कोर्ट सर्विसिज, ऑनलाइन उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी के लिए, brampton.ca/courtservices पर जाएं।

-30-

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca